कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 5366 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2023 रायपुर, दिनांक 07 / 03 / 2023

''दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन''

प्रधानमंत्री आवास योजना के ''मोर मकान–मोर आस'' योजनांतर्गत जारी विज्ञापन क्र. 02 / 2022, दिनांक 16 / 12 / 2022 में परियोजना–1015 के अंतर्गत **लाभाण्डी**–232 में से 150 नग आवास एवं परियोजना 560 के अंतर्गत **पुरैना**–160 में से 26 नग आवास इस प्रकार **कुल 176** नग आवासों का ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। ऑनलाईन आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 02.01.2023 तक कुल 584 आवेदन प्राप्त हुए थे। पात्र/अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची, दिनांक 19 / 01 / 2023 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर सूची पर दिनांक 06 / 02 / 2023 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति के प्रकरणों पर परीक्षण समिति द्वारा परीक्षण एवं अवलोकन कर अंतिम पात्र/अपात्र सूची पर अनुमोदन किया गया है। दावा–आपत्ति उपरांत आवेदनों की अंतिम स्थिति निम्नानुसार है:–

सं. क्रं.	परियोजना का नाम / परियोजना स्थल / आबंटन हेतू उपलब्ध आवास	प्राप्त आवेदन	पात्र	अपात्र
1	(1015) / 232 DUS AT NEAR LABHANDI VILLAGE SANKALP HOMES PHASE 2 / (150)	348	209	139
2	(560) / 160 M/S REAL ESTATE, PURAINA / (26)	236	137	99
कुल	176	**584**	346	238

इसी क्रम में दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची सर्व–साधारण के अवलोकन हेतु ऑनलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाइट:– **www.nagarnigamraipur.nic.in** के "शीर्षक" "मोर मकान–मोर आस आवेदन" के साथ–साथ ऑफलाईन नगर पालिक निगम, रायपुर, मुख्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित की जा रही है। योजना के दिशा–निर्देशानुसार विज्ञापित मकानों की संख्या से अधिक आवेदन पात्र पाये गये हैं, जिस हेतु हितग्राहियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाना है।

अतः अंतिम सूची के समस्त पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि अंतिम सूची में क्रम (चयनित/प्रतिक्षा) के निर्धारण हेतु आयोजित लॉटरी दिनांक **13 / 03 / 2023** को नगर पालिक निगम, रायपुर, मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामान्य सभा हॉल में प्रातः **11:30 बजे** आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित न होने पर किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर